(भारत के राजपत्र असाधारण भाग–I, खण्ड– I, में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
उद्योग भवन

सार्वजनिक सूचना सं0 51/2015–20
नई दिल्ली, दिनांकः 28 दिसम्बर, 2015

विषयः एमईआईएस स्कीम के तहत देश समूह–ग से पनामा को हटाना।

दिनांक 01 अप्रैल, 2015 की सार्वजनिक सूचना सं0 2 के द्वारा अधिसूचित एमईआईएस अनुसूची के परिशिष्ट–3ख की तालिका–1 में पनामा को दो देशों के समूह में निम्नानुसार सूचीबद्ध किया गया हैः

i. "पनामा गणराज्य" देश समूह–ख में क्रम सं0 95 पर सूचीबद्ध है।

ii. "पनामा" देश समूह–ग में क्रम सं0 50 पर सूचीबद्ध है।

2. इस विसंगति को दूर करने के उद्देश्य से विदेश व्यापार नीति 2015–2020 के पैरा 2.04 के साथ पठित पैराग्राफ 1.03 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 1 अप्रैल, 2015 की सार्वजनिक सूचना सं0 2/2015–20 के द्वारा अधिसूचित परिशिष्ट–3ख–एमईआईएस अनुसूची की तालिका–1 के देश समूह–ग के तहत क्रम सं0 50 पर प्रविष्टि "पनामा" को एतद्द्वारा 01 अप्रैल, 2015 से हटाया जाता है।

इस सार्वजनिक सूचना का प्रभावः परिशिष्ट–3ख–एमईआईएस अनुसूची की तालिका–1 के देश समूह–ग से "पनामा" को 01.04.2015 से हटाया जाता है।

(अनूप वधावन)
महानिदेशक, विदेश व्यापार
ई–मेलः dgft@nic.in

(फा0सं0 01/विविध–एएस/2015/पीसी–3 से जारी)